आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

जगत प्रकाश नड्डा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा आज से प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर हैं। भाजपा के एक प्रवक्ता ने बताया कि जगत प्रकाश नड्डा के आगमन पर बिलासपुर में अभिनंदन समारोह आयोजित किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री कल 7 मार्च को बिलासपुर स्थित एम्स में पैट स्कैन, 2 सौ 50 बिस्तरों के विश्राम सदन सहित अन्य सुविधाओं का शुभारम्भ करेंगे।

हड़ताल

प्रदेश में पटवारी व कानूनगो उनको स्टेट कैडर में लाने के फैंसले के खिलाफ हड़ताल पर हैं, जिससे राजस्व से संबधित कार्य प्रभावित हो रहे हैं। संयुक्त पटवारी कानूनगो महासंघ के महासचिव चंद्र कुमार ने कहा है कि स्टेट कैडर से उनकी पदोन्नति पर असर पड़ता है और उनकी हड़ताल तब तक जारी रहेगी जब तक यह फैसला वापिस नहीं लिया जाता।

उधर, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि पटवारी कानूनगो महासंघ के साथ कई दौर की बातचीत के बाद स्टेट कैडर में लाने का फैसला जनहित में लिया गया है तथा इस तरह का आंदोलन करना जनहित में नहीं है।

बिहारी लाल

प्रदेश भाजपा महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा है कि आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पार्टी द्वारा जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अंतर्राट्रीय दिवस की थीम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्रीय योजनाओं के माध्यम से महिलाओं का वित्तीय सशक्तिकरण पर केंद्रित रहेगी। बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में पार्टी के बड़े नेता लोगों को महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूक करेंगे।

राहत सामग्री

चम्बा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी में भारी बर्फबारी के चलते हिमस्खलन प्रभावित कुमार गांव के लोगों को कल ज़िला मुख्यालय चंबा से हेलीकॉप्टर के माध्यम से खाद्य वस्तुओं व वस्त्र समेत अन्य राहत सामग्री भेजी गई। चंबा के उपायुक्त व ज़िला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष मुकेश रेपसवाल ने बताया कि प्रभावितों के लिए आज पठानकोट से सभी आवश्यक राहत सामग्री कुमार गांव में ऐयर ड्राप की जाएगी।

खरीद

रबी खरीद सीजन 2025–26 में सीजन के दौरान किसानों से गेहूं की खरीद बढ़े हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2 हजार 4 सौ 25 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया की विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कल शिमला में एक बैठक आयोजित की गयी इस बैठक में समर्थन मूल्यों से सम्बंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गयी। गेहूं की खरीद हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गेहूं की खरीद की अवधि रबी फसल की बुआई व कटाई के दृष्टिगत 8 अप्रैल से 15 जून 2025 तक निर्धारित की गई है।

जुकारू उत्सव

चम्बा जिला की जनजातीय पांगी घाटी में इन दिनों यहां का प्रसिद्ध जुकारू उत्सव चल रहा है। बर्फबारी के बाद मौसम खुलने पर आपसी मिलन का प्रतीक ये उत्सव चम्बा जिला मुख्यालय में भी धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। वहीं इसके अलावा प्रदेश के अन्य स्थानों में रहने वाले पांगी के लोगों ने भी धूमधाम के साथ इस उत्सव को मनाया। पांगी कल्याण संघ के अध्यक्ष भगत बडोत्रा ने सभी को जुकारू की शुभकामनाएं देते हुए घाटी के लोगों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मौसम

राजधानी शिमला सहित आज प्रदेश के अधिकांश इलाकों में दिन की शुरुआत हलके बादलों के बीच धुप के साथ हुई है हालांकि बीते दिनों प्रदेश में हुई बारिश और बर्फ़बारी के बाद जनजीवन धीरे धीरे पटरी पर लौट रहा है, जबकि अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में लगातार हिमस्खलन का खतरा भी बना हुआ है। मौसम विभाग ने 8 मार्च तक मौसम साफ़ बने रहने जबकि 9 व 10 मार्च को फिर से बारिश और बर्फ़बारी की सम्भावना जताई है।